मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 130
शनिवार, 23 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

राष्ट्र प्रथम की भावना भारत की प्रगति की कुंजी है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, 22 नवम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुल्क को विकसित देश बनाने के लिए शुक्रवार को लोगों के बीच राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। मुर्मू यहां राष्ट्रवादी विचारकों की एक संगोष्ठी, लोकमंथन-2024 के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि औपनिवेशिक शासकों ने न केवल भारत का आर्थिक शोषण किया बल्कि इसके सामाजिक ताने-बाने को भी नष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, (औपनिवेशिक) शासकों ने हमारी समृद्ध बौद्धिक परंपराओं की उपेक्षा की, उन्होंने नागरिकों में सांस्कृतिक हीनता की भावना पैदा की। हमारी एकता को कमजोर करने के लिए ऐसी प्रथाएं हम पर थोपी गईं। सदियों की पराधीनता ने नागरिकों को गुलामी की मानसिकता में पहुंचा दिया। विकसित भारत के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना पैदा करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को विभाजित करने और कृत्रिम मतभेद पैदा करने के प्रयासों का उद्देश्य एकता को कमजोर करना था।

हालांकि, उन्होंने कहा कि भारतीयता की भावना ने राष्ट्रीय एकता की लौ को जीवित रखा है।

इस कार्यक्रम में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना महिला और बाल कल्याण मंत्री डी अनसूया और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए।

हर चुनाव खोट से जीतना चाहती है भाजपा : अखिलेश यादव

लखनऊ, 22 नवम्बर। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह हर चुनाव खोट से जीतना चाहती है और हर चुनाव में लूट तंत्र अपनाती है। यादव ने उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट केउपचुनाव का जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने वोट की लूट की। वे (भाजपा के लोग) हर चुनाव खोट से जीतना चाहते हैं। हर चुनाव में वे कुछ न कुछ लूट तंत्र अपनाते हैं। उन्होंने कहा, पहली बार आपने देखा होगा कि ..पुलिस, प्रशासन एवं अधिकारी सब लगे हुए थे कि वोट डालने के लिए मतदाता घर से न निकल पाएं। उन्होंने कहा, क्या आप सोच सकते हैं कि अगर आप मुसलमान, समाजवादी पार्टी के पिछड़े, दलित, आदिवासी, महिला हैं ...तो आप वोट डालने नहीं जा सकते। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में यह जो नए तरह का लोकतंत्र है, उसस सबसे बड़ा खतरा पैदा हुआ है। यादव ने कहा,लोकतंत्र को सबसे निचले स्तर पर भाजपा पहुंचा रही है। भाजपा को पता था कि उपचुनाव में वह हार रही है .... वे गिनती में नौ की नौ सीट हार जाते , इसलिए पूरी सरकार वोट लूटने में लगी हुई थी। उद्योगपति अडानी को लेकर अमेरिका में हुए खुलासे पर उन्होंने कहा कि अडाणी को लेकर यह लंबी लड़ाई है यह चलती रहेगी।

चुनावी नजीतों से पहले हाई अलर्ट में कांग्रेस, झारखंड और महाराष्ट्र के नियुक्ति किये ऑब्जर्वर

नई दिल्ली, 22 नवम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव के बाद के घटनाक्रम की निगरानी के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दिग्गज नेताओं अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ. जी परमेश्वर को महाराष्ट्र में उभरती राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने का काम सौंपा गया है। यह तिकड़ी राज्य में सरकार के गठन और गठबंधन की रणनीतियों पर केंद्रीय नेतृत्व को रणनीतिक मार्गदर्शन और रिपोर्ट प्रदान करेगी।

वहीं, वरिष्ठ नेता तारिक अनवर, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम भट्टी विक्रमार्क और कांग्रेस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव कृष्णा अल्लावुरु झारखंड की देखभाल करेंगे। नेता मुंबई और रांची में होंगे और करीबी नतीजे या त्रिशंकु विधानसभा होने की स्थिति में उभरती राजनीतिक स्थितियों से निपटने के लिए रणनीति बनाने में राज्य नेतृत्व की मदद करेंगे। पर्यवेक्षक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की आंख और कान के रूप में भी कार्य करेंगे। महाराष्ट्र में, महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, ने यह सुनिश्चित करने का फैसला किया है कि उसके सभी विजेता एक ही छत के नीचे रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अवैध शिकार का प्रयास न हो। करीबी मुकाबले की स्थिति में प्रतिद्वंद्वी महायुति। ऐसी ही चिंताएं झारखंड में भी हैं। दोनों ही राज्यों के नतीजे शनिवार को आएंगे।

मणिपुर हिंसा पर सरकार का बड़ा एक्शन, तैनात होंगे 10,000 अतिरिक्त सैनिक

मणिपुर, 22 नवम्बर। केंद्र जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में 10,000 से अधिक सैनिकों को भेजेगा, जिससे पड़ोसी राज्य म्यांमार में केंद्रीय बलों की कुल कंपनियों की संख्या 288 हो जाएगी। मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने राज्य की राजधानी इम्फाल में संवाददाताओं से कहा, 90 कंपनियों या केंद्रीय बलों के लगभग 10,800 कर्मियों के साथ, मणिपुर में तैनात कंपनियों की कुल संख्या 288 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमें बलों की 90 कंपनियां मिल रही हैं।' इसका एक बड़ा हिस्सा पहले ही इंफाल पहुंच चुका है। हम नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने और संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं की निगरानी के लिए बलों का वितरण कर रहे हैं।

सिंह ने कहा कि मई 2023 में मैतेई समुदाय और कुकी जनजातियों के बीच झड़प शुरू होने के बाद से सुरक्षा बलों ने अब तक पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए लगभग 3,000 हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, असम राइफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल सहित सभी बल मिलकर काम कर रहे हैं।

वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 16 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति लूटने में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने एक मंत्री के दिवंगत पिता की तस्वीर को उनके घर में जलाने, एक विधायक के आवास में लूटपाट करने और एक कार शोरूम में गोलीबारी करने जैसी घटनाओं की निंदा की और आश्चर्य जताया कि क्या इस तरह के कृत्य किसी आंदोलन का हिस्सा हो सकते हैं।

राहुल गांधी सही हैं, अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए : लालू यादव

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों की पृष्ठभूमि मेंशुक्रवार को यहां संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही। कांग्रेस के पुराने सहयोगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कट्टर विरोधी प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी सही हैं। अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। राजद अध्यक्ष, जो संयोगवश चारा घोटाले के कई मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं और जमानत पर हैं। संवाददाताओं ने उनसे झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन की संभावनाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, मैं अपने उस बयान पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

दो भाइयों की हत्या के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

आगरा, 22 नवम्बर। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक अदालत ने दो सगे भाइयों की गोली मारकर हत्या और एक अन्य व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने के मामले में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

जिला न्यायाधीश विवेक संगल ने 25 नवंबर 2018 को हुई घटना में आरोपी महेंद्र सिंह, हाकिम सिंह, मुकेश और सचिन को मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 84 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। सभी आरोपी फतेहपुरसीकरी थाना क्षेत्र के जाजऊ गांव के रहने वाले हैं। जिला न्यायाधीश ने इस मामले में अन्य आरोपी सुरेश उर्फ सुरेंद्र सिंह, बलवीर सिंहएवं डोलू को सबूतों के अभाव में बरी करने का आदेश भी सुनाया। अधिकारियों के मुताबिक, वादी थान सिंह ने आरोप लगाया था कि 17 नवम्बर 2018 को एक समारोह में शामिल नहीं किये जाने को लेकर आरोपियों ने वादी का मजाक बनाया था। उन्होंने बताया कि इसी झगड़े को लेकर बाद में आरोपियों ने हथियारों से लैस होकर 25 नवम्बर 2018 की सुबह करीब आठ बजे घर में घुसकर ताबड़तोड़ गोलीबारी की, जिसमें वादी के दो बेटे अनिल और ललित घायल हो गये।

बिहार के बीजेपी नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा, क्या समय से पहले होंगे विधानसभा चुनाव?

नई दिल्ली, 22 नवम्बर। बिहार के सियासत तेज होती दिखाई दे रही है। भले ही चार सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम कल आने हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं बिहार की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि भाजपा की भीतर लगातार बैठकों का दौर जारी है। आज सबसे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के आवास पर बिहार भाजपा के नेताओं की बैठक हुई। इसमें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी, मंत्री मंगल पांडे, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और सांसद संजय जयसवाल समेत तमाम दिग्गज का मौजूद रहे।

इसके ठीक बाद बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दिलीप जयसवाल ने कहा कि आज दिल्ली में एक छोटी सी कोर कमेटी की बैठक हुई। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आगे के कार्यक्रम पर चर्चा हुई। कहीं ना कहीं इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि भाजपा अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में जुट गई है।

हालांकि सवाल यह भी है कि क्या समय से पहले विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। अभी भी बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार का 1 साल का कार्यकाल बचा हुआ है। लेकिन लगातार इस बात के कयास चल रहे हैं कि बिहार में विधानसभा के चुनाव समय से पूर्ण कराए जा सकते हैं। वहीं, गिरिराज सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज दिल्ली स्थित हमारे आवास पर पार्टी की कोर कमिटी की छोटी टोली की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के भविष्य की योजनाओं और कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2029 में जब भाजपा नीत राजग केंद्र की सत्ता में 15 साल पूरे करेगा, तब तक बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क अमेरिका के बराबर हो जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे गडकरी ने बोधगया में लगातार दो कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए यह बात कही। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हमारी सरकार सड़क आधारभूत संरचना के मामले में तेजी से प्रगति कर रही है और यह बिहार में भी दिख रहा है। मैं वादा करता हूं कि मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के बाद, जब हम सत्ता में 15 साल पूरे कर लेंगे, तो बिहार का सड़क नेटवर्क अमेरिका के बराबर हो जाएगा।

विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता

-ललित गर्ग

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर और गुयाना ने ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ह्यह्यआप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।ह्लह्ल आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बडे.नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके स्वच्छ भारत अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि मेक इन इंडिया पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के ह्यडिजिटल इंडियाह्ल कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमें विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है।

प्रधानमंत्री की गुयाना यात्रा से भारत को क्या फायदा होगा?

अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा का तीसरा और अंतिम चरण गुयाना में रहा, जो भारतीय प्रधानमंत्री की 50 साल में पहली आधिकारिक यात्रा थी। गुयाना में उन्होंने दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अब प्रधानमंत्री मोदी जॉर्जटाउन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं, उनकी यह यात्रा भारत के वैश्विक कूटनीतिक दायरे को और विस्तारित करेगी।

वैसे भारत के आम लोगों गुयाना का नाम नहीं सुना था । गुयाना का नाम पहली बार लाइट में आया जा पिछले साल जनवरी में गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि रहे थे, जो प्रवासी भारतीयों के लिए भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है। वहीं, अगले महीने उपराष्ट्रपति भारत जगदेव भारत आए। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स भी भारत आए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल अप्रैल में गुयाना का दौरा किया था और उस समय पूरे नेतृत्व से मुलाकात की थी।

गुयाना के इस क्षेत्र में भारत के एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरने का एक प्रमुख कारण वहां बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों की मौजूदगी है, जहां देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी भारतीय मूल की है। भारतीयों को पहली बार 1838 में गिरमिटिया मजदूर के रूप में गुयाना ले जाया गया था। यानी वहां करीब 180 साल से भी ज्यादा समय से भारतीय नागरिक रह रहे हैं।नई दिल्ली स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ साइंसेज (क्रर) के निदेशक ऐश नारायण रॉय ने मीडिया से बात करते हुए प्रवासी भारतीयों के संदर्भ में मोदी की गुयाना यात्रा के बारे में विस्तार से बताया।रॉय ने बताया कि भारत और कैरिबियन हमेशा से ही बहुत करीब रहे हैं, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं, खास तौर पर गुयाना, सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो में। इन देशों में रहने वाले ज्यादातर भारतीय मूल के लोगों को अंग्रेज उत्तर प्रदेश और बिहार के भोजपुरी भाषी क्षेत्रों से लाए थे। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत, तमाम मुश्किलों के बावजूद, वे ग्रामीण कृषि क्षेत्र, खास तौर पर गन्ने की खेती में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेजों को लगा कि दुनियाभर में चीनी का बहुत बड़ा बाजार है, तो उन्होंने सबसे पहले अफ्रीका से मजदूरों को बुलाया। हालांकि, अफ्रीकी मजदूरों के पास कृषि में विशेषज्ञता नहीं थी। तभी अंग्रेजों ने भारतीयों को गिरमिटिया मजदूर के तौर पर लेने का फैसला किया।रॉय ने बताया कि भारतीयों के पास न केवल अर्थव्यवस्था में योगदान देने बल्कि अपनी संस्कृति को संरक्षित करने का ज्ञान और क्षमता थी। हिंदू और मुसलमान दोनों को भारत से ले जाया गया और वे आज भी दिवाली और ईद जैसे अपने त्यौहार मनाते हैं।₹ उन्होंने कहा कि संस्कृति, धर्म, कला और संगीत जैसी भारत की सॉफ्ट पॉवर इन प्रवासी संबंधों को बहुत मजबूत बनाती है।

सांस्कृतिक कूटनीति पर भारत के जोर में भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गुयाना के छात्रों के लिए स्कॉलर्शिप और एजुकेशनल प्रोग्राम में सहयोग के माध्यम से संबंधों को मजबूत करना शामिल है। गुयाना के भारतीय समुदाय का भारतीय परंपराओं से गहरा संबंध है, जिससे सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम विशेष रूप से प्रभावशाली बनते हैं। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति इरफान अली के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। वह गुयाना की नेशनल असेंबली के साथ-साथ भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित करेंगे।

मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस के रिसर्च फेलो सौरभ मिश्रा बताते है कि प्रधानमंत्री की गुयाना यात्रा विदेश में भारतीय प्रवासियों से जुड़ने और इससे लाभ उठाने की मौजूदा सरकार की नीति के अनुरूप है।मिश्रा ने कहा कि भारत और गुयाना दोनों ही लोकतांत्रिक देश हैं। उन्होंने कहा, ₹गुयाना में एक्टिव लोकतंत्र और मजबूत नागरिक समाज है। गुयाना के लिए मुख्य चिंताएं पर्यावरण संबंधी मुद्दे और जातीयता से संबंधित कुछ सामाजिक तनाव हैं।मिश्रा ने कहा, ₹गुयाना में कई ऐसे क्षेत्र हैं जो समुद्र तल से नीचे हैं। ऐसे में बढ़ते समुद्र स्तर के संदर्भ में वैश्विक मंचों पर साझा दृष्टिकोण तैयार करने की संभावनाएं हैं।

गुयाना के इस क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पार्टनर के रूप में उभरने का एक और कारण तेल और गैस के महत्वपूर्ण भंडारों की खोज है। विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव जयदीप मजूमदार ने बुधवार को प्रधानमंत्री की आगामी तीन देशों की यात्रा के बारे में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा था कि जैसा कि आप जानते हैं कि गुयाना तेल और गैस की प्रमुख खोज के साथ आर्थिक और विकासात्मक परिवर्तन के शिखर पर है। भारत और गुयाना ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति जताई है, जिसमें दक्षिण अमेरिकी देश से दीर्घकालिक कच्चे तेल की खरीद और इसके अपस्ट्रीम (उत्पादन में आने वाले वे बिंदु जो प्रक्रिया के आरंभ में उत्पन्न होते हैं) सेक्टर में निवेश शामिल है।2015 से गुयाना तेल उद्योग में एक महत्वपूर्ण ग्लोबल प्लेयर के रूप में उभरा है, जिसमें 11 बिलियन बैरल से अधिक कच्चे तेल के भंडार की खोज की गई है। इसने छोटे कैरेबियाई देश को वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक के रूप में स्थापित किया है। साथ ही नई दिल्ली ने ब्राजील और कोलंबिया जैसे देशों के साथ समझौते करके अपने तेल सप्लाई सोर्स में विविधता लाने के लिए एक्टिव रूप से प्रयास किया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने गुयाना सरकार के हिस्से के तेल से एक मिलियन बैरल लिजा कच्चा तेल खरीदा है। इससे पहले ल्ढउछ-मित्तल एनर्जी के एक संघ ने मार्च 2021 में 1 मिलियन बैरल खरीदा था। भारतीय ऊर्जा कंपनियों, विशेष रूप से ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन विदेश और ऑयल इंडिया लिमिटेड ने गुयाना के तेल और गैस क्षेत्र में भाग लेने में रुचि दिखाई है।

भारत का लक्ष्य गुयाना के ऊर्जा बाजार में पैर जमाना है, ताकि पश्चिम एशिया से तेल पर निर्भरता कम करते हुए इसकी घरेलू ऊर्जा मांगों को पूरा करने में मदद मिल सके। मिश्रा ने बताया कि हम हाल ही में वहां खोजे गए तेल क्षेत्रों को विकसित करने के लिए गुयाना सरकार के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

भारत गुयाना का एक महत्वपूर्ण विकास सहायता भागीदार भी है। मजूमदार ने ब्रीफिंग के दौरान कहा, ₹गुयाना के साथ हमारी लंबे समय से विकास साझेदारी रही है और यह स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, रेन्युएबल एनर्जी और पानी के क्षेत्र में है।₹ गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ऑफ इंडिया ने एक समुद्री नौका का निर्माण किया, जिसे हमने पिछले साल गुयाना को सप्लाई की थी और हमने इस साल गुयाना को ऋण की एक पंक्ति के तहत दो एचएएल-228 विमान भी सप्लाई किए हैं। लगभग 30,000 घरों में सौर प्रकाश व्यवस्था प्रदान की गई है और अब तक गुयाना से 800 इंडियन टेक्नोलॉजी और इकोनॉमिक कोओपरेशन के पूर्व छात्र भारत में अध्ययन कर चुके हैं। साल 2021-22 में भारत-गुयाना का कुल व्यापार 223.36 मिलियन डॉलर रहा, जिसमें निर्यात 66.41 मिलियन डॉलर और आयात 156.96 मिलियन डॉलर रहा। यह साल 2020-21 के 46.97 मिलियन डॉलर के मुकाबले बहुत ज्यादा है। वर्ष 2022-23 के दौरान व्यापार घटकर 66.37 मिलियन डॉलर रह गया, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 105.97 मिलियन डॉलर हो गया, जिसमें निर्यात 99.36 मिलियन डॉलर और आयात 6।61 मिलियन डॉलर रहा। गुयाना की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता भी की थी । बताया जाता है कि यह भारत और कैरिकॉम के बीच दूसरा शिखर सम्मेलन था और कैरिकॉम देश में पहला है। एकमात्र अन्य शिखर सम्मेलन 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के हाशिये पर आयोजित किया गया था और यह एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन रहा और इस शिखर सम्मेलन के दौरान कैरिकॉम के साथ सहयोग का एक बहुत समृद्ध एजेंडा होने की उम्मीद बनी।कैरिबियन समुदाय (कैरिकॉम) एक इंटर-गवर्नमेंटल संगठन है, जो 15 सदस्य राज्यों (14 राष्ट्र-राज्य और एक आश्रित) और अमेरिका, कैरिबियन और अटलांटिक महासागर में पांच संबद्ध सदस्यों का एक राजनीतिक और आर्थिक संघ है। इसका प्राथमिक उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच आर्थिक इंटिग्रेशन और सहयोग को बढ़ावा देना, इंटिग्रेशन के लाभों को समान रूप से साझा करना सुनिश्चित करना और विदेश नीति का समन्वय करना है। मिश्रा आगे बताते है भारत ने हाल ही में कैरिबियन और लैटिन अमेरिकी क्षेत्रों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की नीति अपनाई है। यह दुनिया के उपेक्षित क्षेत्रों या ग्लोबल साउथ के साथ जुड़ने के लिए नई दिल्ली के विकसित दृष्टिकोण को उजागर करता है। अनिश्चितताओं से भरी गतिशील भू-राजनीति वाली समकालीन दुनिया में यह एक अनिवार्यता है।₹ रॉय ने बताया कि कैरिकॉम ने कैरिबियन और लैटिन अमेरिका को एक साथ लाया है। उन्होंने कहा, ₹भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन भारत के व्यापार और आर्थिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और क्षेत्रीय एकीकरण प्रक्रिया में मदद करेगा।₹

प्रधानमंत्री ने भी इंडो-गुयाना समुदाय और कैरेबियाई राष्ट्र के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से तीन चीजें संस्कृति, भोजन और क्रिकेट भारत और गुयाना को गहराई से जोड़ती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच समानताओं पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृति, खान-पान और क्रिकेट भारत और गुयाना को गहराई से जोड़ते हैं। पीएम मोदी ने इंडो-गुयाना समुदाय की भावना को सलाम करते हुए कहते है कि आपने आजादी और लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी है। आपने गुयाना को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि छोटी सी शुरूआत से आप शीर्ष तक पहुंचे हैं। प्रवासी भारतीयों को राष्ट्रदूत कहते हुए मोदी ने कहा कि वे भारतीय संस्कृति और मूल्यों के राजदूत हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि, आप एक भारतीय को भारत से बाहर ले जा सकते हैं, लेकिन आप एक भारतीय से भारत को नहीं निकाल सकते। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इंडो-गुयाना समुदाय के लिए गुयाना अपनी मातृभूमि है और भारत माता अपनी पैतृक भूमि है। भारत के विकास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ प्रेरणादायक है बल्कि समावेशी भी है। गुयाना के जॉर्जटाउन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि मेरे लिए अपने घर के दरवाजे खोलने के लिए मैं राष्ट्रपति अली को धन्यवाद देता हूं। राष्ट्रपति अली और उनकी दादी के साथ, हमने एक पेड़ भी लगाया। यह हमारी पहल- एक पेड़ माँ के नाम का हिस्सा है। यह एक भावनात्मक क्षण था जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मुझे गुयाना का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त करके बहुत सम्मानित महसूस हुआ।

भारत में तेजी से पनपता जानलेवा वेजाइनल कैंसर

सुरेश गांधी

देश में महिलाओं एवं युवतियों का सिर्फ सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) ही नहीं बल्कि अनल कैंसर (गुदा या मलाशय का कैंसर), वल्वा कैंसर (जननांग की बाहरी सतह का कैंसर), वेजाइनल कैंसर (योनि का कैंसर), पेनाइल कैंसर (पुरुषों के लिंग में कैंसर), ओरल कैविटी कैंसर (मुंह का कैंसर), ऑरोफरींजियल कैंसर (गले का कैंसर), लैरिंगियल कैंसर (वॉइस बॉक्स में कैंसर) से भी मौतें होती है। लेकिन इनमें ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, वल्वा और वेजाइना कैंसर से ज्यादा मौते होती है। जबकि पुरुषों में यह पेनाइल कैंसर पैदा करता है. इसके अलावा सीरोटाइप 6 और 11 महिला और पुरुष दोनों के लिंग में मस्से के लिए भी जिम्मेदार है. भारत में, महिलाओं को होने वाले कैंसर के कुल मामले 16.5 फीसदी है। यह आंकड़े चैंकाने वाले हैं। 2017 में जारी किए गए एचपीवी केंद्र के आंकड़ों से पता चला है कि हर साल 1,22,844 महिलाएं कैंसर से पीड़ित होती है, और इनमे से 67,477 महिलाओं की मृत्यु हो जाती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक एचपीवी यानि ह्यूमन पेपिलोमा वायरस एक छोटा डीएनए वायरस है, जिसके लगभग 40 प्रकार या सीरोटाइप्स सीधे यौन संपर्क के माध्यम से फैलते हैं. हालांकि एचपीवी सिर्फ महिलाओं में ही नहीं बल्कि पुरुषों में भी कैंसर पैदा करने के लिए बराबर जिम्मेदार है. जहां लड़कियों और महिलाओं को एचपीवी की वजह से सबसे ज्यादा सर्वाइकल होता है. वहीं पुरुषों में यह उनके लिंग यानि पेनिस के कैंसर के अलावा अनल यानि गुदा का कैंसर और कई प्रकार के ओरोफरींजियल कैंसर जैसे टॉन्सिल, तालू, ग्रसनी और जीभ के एक तिहाई हिस्से के कैंसर के लिए जिम्मेदार है. इसके अलावा ह्यूमन पेपिलोमा वायरस की वजह से महिलाओं में वुल्वा यानि योनि के ऊपर सतह पर कैंसर, योनि कैंसर के भी मामले सामने आते हैं. प्रस्तुत है सीनियर रिपोर्टर सुरेश गांधी की सीनियर ऑनकोलॉजिस्ट डाक्टर विभा मिश्रा से बातचीत आधारित एक विस्तृत रिपोर्ट

फिरहाल, कड़वा सच तो यही है कि महिलाएं या युवतियां घर परिवार का ख्याल तो अच्छे से रखती हैं, लेकिन अपनी सेहत को लेकर अक्सर लापरवाह हो जाती हैं। महिलाओं में कई ऐसे जेनिटल हेल्थ इश्यू हैं जिसे वो सीरियसली नहीं लेती हैं। और यही समस्याएं आगे चलकर बड़ी बीमारी का रूप धारण करती हैं। इन्हीं जेनिटल इश्यू में से एक है वेजाइनल सिस्ट। ये सेहत से जुड़ी एक ऐसी परेशानी है जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी होती हैं। दरअसल, वेजाइनल कैंसर या योनि का कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जो महिलाओं को मौत के दरवाजे तक ले जा सकती है। बहुत कम औरतों में पाया जाने वाला ये जनन संबंधी कैंसर हैं, जो योनी की कोशिकाओं में होता है। महिलाएं शुरूआती समय में इसे पहचान नहीं पाती, जिसकी वजह से यह खतरनाक रूप ले लेता है। वेजाइनल सिस्ट वेजाइना के मुख के आस-पास विकसित होती है। योनि सिस्ट हवा या पस के जरिए योनि की लाइन में गांठ के रूप में होती है। योनि सिस्ट सूक्ष्म आकार की होती है तो कोई समस्या नही होती, लेकिन अगर सिस्ट का आकार समय के साथ बढ़ रहा है और दर्द कर रहा है तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

गाइनोकॉलोजी (एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी, फीएज फेलो, गाइनियोलॉजिस्ट एवं प्रोफेसर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर विभा मिश्रा का कहना है कि वेजाइनल कैंसर और सर्वाइकल कैंसर को लेकर अक्सर लोग भ्रम में रहते हैं. लेकिन ये दोनों अलग अलग है. वेजाइनल कैंसर को योनि कैंसर भी कहते हैं. वेजाइना बाहर वाले पार्ट को कहते हैं. जबकि सर्विक्स पार्ट में सर्वाइकल कैंसर होता है. योनि कैंसर का अगर समय से पता चल जाए तो रिकवर होने में ज्यादा परेशानी नहीं होती लेकिन अगर ये एडवांस लेवल पर हो तो मरीज को काफी दिक्कत फेस करनी पड़ती है. अगर पहले कभी यूट्रस से जुड़ा कैंसर रहा हो तो भी संभव है कि दोबारा वेजाइना कैंसर हो जाए. अगर शुरूआती लेवल पर है तो 75 फीसदी, अगर फैसला शुरू हो चुका है यानी दूसरे स्टेज पर 51 फीसदी और तीसरे स्टेज या एडवांस स्टेज पर इससे बचने के चांस 18 फीसदी तक रह जाते हैं.

डॉ विभा मिश्रा ने बताया कि लगभग एक लाख महिलाओं में से एक का योनी कैंसर का निदान किया जाता है। योनी या वैजाइना एक ट्यूब जैसा अंग है, जो गर्भाशय ग्रीवा या गर्भाशय का निचला हिस्सा को योनि से जोड़ता है। प्राथमिक तौर पर योनि का कैंसर एक बहुत ही दुर्लभ रूप है, जो अक्सर योनि की परत वाली कोशिकाओं में होता है। महिला जननांगों में होने वाले कैंसर में इसका हिस्सा 1 से 2 फीसदी ही होता है। इसके अलावा शरीर के अन्य भागों में शुरू होने वाले कैंसर जैसे गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर या यूट्रस कोरियोकार्सिनोमा कभी-कभी योनी तक फैल जाते हैं। इसके अलावा पेशाब की थैली का कैंसर, गुदा या रेक्टम का कैंसर भी योनी तक फैल जाता है। उनका कहना है कि योनि कैंसर के विभिन्न प्रकार हो सकते हैं। स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा योनि की परत में मौजूद चपटी कोशिकाओं से शुरू होता है। यह सबसे आम प्रकार है व सभी मामलों में लगभग लगभग 90 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा एडेनोकार्सिनोमा जो ग्रंथि कोशिकाओं में शुरू होता है, मेलनोमा व सारकोमा अन्य प्रकार है। योनि कैंसर होने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब महिला की उम्र 60 से ज्यादा है।

डॉ विभा मिश्रा का कहना है कि ह्यूमन पेपिलोमा वायरस या एचपीवी का इंफेक्शन है। यह एक यौन संचारित वायरस है और यह सर्वाइकल कैंसर के लिए भी कारक होता है। अगर योनि का इंट्रएजिलोलियल सीवीएआईएन है। यह कैंसर की पूर्व स्टेज हो सकती है। मरीज को यदि सर्वाइकल कैंसर है तो धूमपान से खतरा और बढ़ जाता है। जहां तक इसके लक्षण का सवाल है तो यह कैंसर हमेशा लक्षण प्रकट नहीं करता है। हो सकता है यह तब तक मरीज को पता ना चले जब तक चिकित्सक नियर्ति जांच के दौरान असामान्य कोशिकाओं को न देख लें। संभोग के बाद योनि से रक्तस्राव, रजोनिवृत्ति के बाद योनि से रक्तस्राव, योनि से आने वाला पानी खूनवाला या दुर्गंधयुक्त हो, संभोग के दौरान दर्द, पेशाब करते समय दर्द होना व पेल्विक दर्द इसके लक्षण हो सकते हैं। पेल्विक परीक्षण, पैपस्मीयर, काल्पोस्कोपी, व बायोस्पी इसके परीक्षण में मदद करते हैं। योनि कैंसर के चरण को जानने के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई व पीईटी स्कैन कर सकते हैं। सिस्टोस्केपी व प्राक्टोस्कोपी से इसके पेशाब की थैली व मलाशय तक क्रमशः फैलाव को जानते हैं। इन जाटों के द्वारा इसके स्टेज को जाना जाता है कि वह चार चरणों में से कहां तक फैल चुका है। योनि कैंसर का उपचार, कैंसर के प्रकार, कैंसर के कारण व उम्र पर निर्भर करता है। लेजर सर्जरी और सामयिक उपचार का प्रयोग प्री कैंसर कोशिकाओं के इलाज के लिए किया जाता है। आक्रामक योनि कैंसर के लिए अक्सर सर्जरी, विकिरण और कीमोथेरेपी की भी आवश्यकता होती है। योनि कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए मरीज को नियमित रूप से पैल्विक जांच और जैसे अन्य जांच कराना चाहिए। साथ ही एचपीवी की वैक्सीन लगवाएं। यह सर्वाइकल कैंसर बचाने में भी मदद करती है। इसमें भारत सरकार कम दरों पर वैक्सिन उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। धूम्रपान न करें। धूम्रपान से योनि कैंसर सहित अन्य कैंसर का भी खतरा बढ़ जाता है।

घातक हो सकती है लापरवाही

कैंसर के अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि योनि बाहरी जननांगों को गर्भाशय से जोड़ने वाली एक मांसपेशियों की ट्यूब होती है। कैंसर वैजाइना की आंतरिक सतह वाली कोशिकाओं में होता है, जो धीरे-धीरे खतरनाक रूप ले लेता है और दूसरे अंगों तक भी फैल

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष डाक टिकट जारी किया

मुंबई। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान टाइम्स के शताब्दी वर्ष को चिह्नित करने के लिए एक विशेष डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 100 साल का सफर पूरा करना एक ऐतिहासिक घटना है। मैं इस संगठन से जुड़े उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जिन्होंने विभिन्न चुनौतियों का सामना किया और मिशन के प्रति वफादार रहे। प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए और डाक टिकट जारी करने का जिक्र करते हुए एचटी मीडिया लिमिटेड की अध्यक्ष और हिंदुस्तान टाइम्स की संपादकीय निदेशक शोभना भरतीया ने कहा, ₹शताब्दी स्मारक डाक टिकट जारी करने के लिए मैं प्रधानमंत्री को हृदय से धन्यवाद देती हूं। यह हमारी लंबी यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम है। हम जानते हैं कि हमारा मिशन अभी भी पूरा होना बाकी है। हिंदुस्तान टाइम्स की शुरूआत 15 सितंबर 1924 को महात्मा गांधी ने की थी। इस दैनिक ने स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज के रूप में कार्य किया। प्रारंभ में अकालियों ने संयुक्त रूप से धन जुटाया और इसे चलाया। बाद में लाला लाजपतराय और मदन मोहन मालवीय ने इसका संचालन किया। गांधीजी के अनुरोध पर आगे जी. डी. बिड़ला ने दैनिक का कार्यभार संभाला। एक शताब्दी से भी अधिक समय से 'हिन्दुस्तान टाइम्स' देश की ऐतिहासिक घटनाओं का ईमानदार गवाह रहा है। देश ने लोकतंत्र की स्थापना के लिए सभी बाधाओं को पार किया, लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति स्थापित की। ये सभी घटनाक्रम दैनिक समाचार पत्रों के पन्नों के माध्यम से दुनिया के सामने आए हैं। एक समाचार पत्र के रूप में शुरू हुई यात्रा समय के साथ एक वैश्विक मीडिया समूह में विस्तारित हुई। देश भर में विभिन्न संस्करण लॉन्च किए गए। डिजिटल मीडिया के माध्यम से यह कई लोगों के घरों तक पहुंचा। विशेष डाक टिकट जारी करने से पहले प्रधानमंत्री ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष प्रदर्शनी 'एचटी@100' का दौरा किया। इस प्रदर्शनी में देश की अब तक की प्रगति के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने यू -जीनियस राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी फिनाले में प्रतिभाशाली युवाओं का किया सम्मान

मुंबई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता यू-जीनियस 3.0 का फिनाले मुंबई में किया गया. आठवीं कक्षा से बारवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए तीन महीने तक चलने वाला यह बेहद प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम भारत के 48 शहरों में आयोजित किया गया था. इसमें 3700 से अधिक स्कूलों की लगभग 12,500 से अधिक टीमों द्वारा भाग लिया गया था इस अवसर पर, बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ए. मणिमेखलै ने बताया, छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने वर्ष 2022 में यू-जीनियस के पहले संस्करण का शुभारंभ किया था. पिछले संस्करणों की सफलता को देखते हुए, हम छात्रों के बीच यू-जीनियस 3.0 के लिए उत्साह और जबरदस्त प्रतिक्रिया देखकर रोमांचित हैं. हम इसे राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण के लिए एक अवसर के रूप में देखते हैं. सेंट पॉल इंग्लिश स्कूल, बेंगलुरु के आदित्य गिरी और नमन भोतिका प्रतियोगिता के विजेता रहे. जवाहरलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, भोपाल के कबीर दूबे और हर्ष खांडेकर प्रथम रनर-अप रहे. जयश्री परीवाल हाई स्कूल, जयपुर के आदित्य गुप्ता और युवराज नवलखा दूसरे रनर-अप रहे.प्रतियोगिता के विजेताओं को 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी गई. अन्य पुरस्कारों में प्रथम रनर-अप को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और द्वितीय रनर-अप को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी गई.

द बॉडी शॉप ने 'इंडिया एडिट' का अनावरण किया

मुंबई। एथिकल और सस्टेनेबल ब्यूटी में दुनिया की प्रमुख कंपनी, द बॉडी शॉप ने भारत में अपने रिटेल स्टोर्स और दबॉडीशॉपडॉटइन पर अपना पहला भारत-प्रेरित कलेक्शन - द इंडिया एडिट पेश किया है। यह अनूठी और रोमांचक रेंज भारत से प्रेरित सामग्रियों की समृद्ध परंपरा पर आधारित है, जिससे ओनली इन इंडिया, फॉर यू की विशिष्टता का पता चलता है। इंडिया एडिट में भारत की समृद्धि का जश्न मनाने के लिए चार सोच-समझकर बनाए गए कलेक्शन हैं। इनमें लोटस, हिबिस्कस, पॉमेग्रेनेट और ब्लैक ग्रेप शामिल हैं। एथिकल ब्यूटी के लिए द बॉडी शॉप की प्रतिबद्धता के पर खरा उतरते हुए, ये कलेक्शन वीगन, पैराबेन-मुक्त और डमेटीलॉजी द्वारा टेस्टेड हैं। ये कलेक्शन वास्तव में आनंददायक अनुभव के लिए 90% से अधिक प्राकृतिक सामग्री और आईएफआरए-प्रमाणित फ्रैगरेंसेस से बने हैं। छुट्टियों का उत्साह और उत्सव का मौसम करीब आ रहा है, ऐसे में इंडिया एडिट कलेक्शन में एकदम ताजी खुशबू की पेशकश की गई है और यह क्रिसमस पर आपके प्रियजनों को आश्चर्यचकित और खुश करने के लिए एक बेहतरीन उपहार है। यह भारत में पाई जाने वाली वनस्पतियों और सामग्री की भारत की समृद्ध विरासत के प्रति द बॉडी शॉप की प्रतिबद्धता दिखाता है। चाहे वह लोटस हो, वाइब्रैंट हिबिस्कस, ऑस्पिशियस पॉमेग्रेनेट, या बाउंटीफुल ब्लैक ग्रेप्स- सारी सामग्रियां भारतीय परंपरा में गहराई से निहित एक कहानी बताती हैं।

एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस मोमेंटम फंड

मुंबई/ पटना। हाल के वर्षों में एक निवेश रणनीति के रूप में मोमेंटम इनवेस्टमेंट ने भारत में महत्वपूर्ण रफ्तार हासिल की है, क्योंकि निवेशक तेजी से देश की गतिशील अर्थव्यवस्था के भीतर बाजार के रुझान और विकास के अवसरों को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस व्यवहार का लाभ उठाने के लिए, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस मोमेंटम फंड पेश किया है। यह मोमेंटम थीम का पालन करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। एक मजबूत ढांचे के लिए एक संरचित और मॉडल-आधारित दृष्टिकोण के साथ, योजना का निवेश उद्देश्य मोमेंटम थीम के आधार पर इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो से निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि के अवसर उत्पन्न करना है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि योजना का निवेश उद्देश्य हासिल किया जाएगा।

एक्सिस मोमेंटम फंड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ श्री बी गोपकुमार ने कहा, ह्यह्यभारत की उभरती अर्थव्यवस्था उन लोगों के लिए अलग-अलग अवसर प्रस्तुत करती है जो बाजार के रुझानों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकते हैं। मोमेंटम निवेश, एक ऐसी रणनीति है, जिसे वैश्विक स्तर पर व्यापक रूप से अपनाया गया है। यह रणनीति भारतीय संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहाँ तेजी से क्षेत्रीय बदलाव और विकसित होते बाजार की गतिशीलता निरंतर बेहतर प्रदर्शन के अवसर पैदा करती है। इसी दौर में एक्सिस मोमेंटम फंड को लॉन्च करना दरअसल निरंतर इनोवेशन करने और निवेशकों को अत्याधुनिक निवेश रणनीतियों तक पहुँच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हमारा यह कदम विकसित होते बाजार की गतिशीलता के साथ जुड़ा हुआ है। मोमेंटम निवेश की शक्ति का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य विकास के नए रास्ते खोलना है, जो हमारे निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक अलग दृष्टिकोण प्रदान करता है।

चुनावी नतीजों से पहले बढ़ीं नवाब मलिक की मुश्किलें, समीर वानखेड़े ने किया बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख

मुंबई। आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत राज्य के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक के खिलाफ 2022 में दर्ज की गई एफआईआर की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या अदालत की निगरानी में जांच की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है। करदाता सेवा महानिदेशालय (डीजीटीएस) में अतिरिक्त आयुक्त और महार अनुसूचित जाति के सदस्य वानखेड़े का आरोप है कि मामले में पुलिस की निष्क्रियता से उन्हें और उनके परिवार को काफी मानसिक परेशानी और अपमान हुआ है।

14 अगस्त 2022 को वानखेड़े ने मलिक के खिलाफ गोरेगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई. मामले में मलिक को न तो गिरफ्तार किया गया है और न ही आज तक मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूर्व एनसीबी जोनल अधिकारी, जो 2021 कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग भंडाफोड़ मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार करने के बाद प्रसिद्धि में आए, ने मलिक के दामाद समीर खान को भी गिरफ्तार किया था।

वानखेड़े ने आरोप लगाया है कि समीर खान की गिरफ्तारी के बाद,

मलिक ने सोशल मीडिया और टेलीविजन पर उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करने और अपमानित करने के लिए एक निरंतर अभियान चलाया, उनकी जाति को निशाना बनाया और वानखेड़े के जाति प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया। अधिकारी ने पहले अक्टूबर 2021 में अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत दर्ज कर मलिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

उच्च न्यायालय द्वारा एक अलग मानहानि मुकदमे में मलिक को मानहानिकारक टिप्पणी करने से रोकने के आदेश जारी किए जाने के बावजूद, वानखेड़े का दावा है कि मलिक ने आदेश का उल्लंघन करना जारी रखा, जिसमें हाल ही में 27 अक्टूबर, 2024 को उनके जाति प्रमाण पत्र की वैधता पर सवाल उठाना भी शामिल था। जाति जांच समिति ने 91 पेज की विस्तृत रिपोर्ट में वानखेड़े के प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को बरकरार रखा है।

महाराष्ट्र चुनाव: मतगणना से पहले एमवीए नेता जयंत पाटिल, संजय राउत, थोराट ने की बैठक

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मतगणना में 48 घंटे से भी कम समय शेष रह जाने के बीच, बृहस्पतिवार को विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के नेताओं ने एक बैठक की।

बैठक में कांग्रेस के बालासाहेब थोराट और सतेज पाटिल, शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल शामिल हुए। महाराष्ट्र चुनाव के लिए मतदान के बाद ज्यादातर एग्जिट पोल में सत्तारूढ़ महायुति की जीत का पूवार्नुमान किया गया है, इसलिए यह बैठक काफी मायने रखती है। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। विधानसभा चुनाव के तहत बुधवार को मतदान हुआ। शनिवार को मतगणना होगी।

विट्ठल का दर्शन कर सुरेश सिंह ने की महायुति सरकार के पूर्ण बहुमत की प्रार्थना

मुंबई (उत्तरशक्ति)। बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के मीरा भायंदर जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर पंढरपुर स्थित जग प्रसिद्ध भगवान विट्ठल के मंदिर पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान विट्ठल से महाराष्ट्र की सुख समृद्धि और देश की खुशहाली की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने महाराष्ट्र के विकास शांति और सुरक्षा के लिए भाजपा महायुति सरकार के पुनः बनने की प्रार्थना की। वरिष्ठ समाज सेवी रत्नाकर मिश्र,देवीप्रसाद उपाध्याय, समाजसेवी ब्रह्मदेव सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, पत्रकार राजेश उपाध्याय, एडवोकेट डीके पांडे, रमेश चंद्र मिश्र, समाजसेवी राजेश मिश्रा, युवा अधिवक्ता राजकुमार मिश्र, नगरसेवक मनोज दुबे, नगरसेवक मदन सिंह, नगरसेवक विजय राय, सुशील

कुमार दुबे, पत्रकार महेंद्र पांडे, कमलेश दुबे, संदीप तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, अनिल सिंह अनिता राय, मनीष तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, विवेक उपाध्याय, अजीत उपाध्याय समेत अनेक लोगों ने सुरेश सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की प्रार्थना की है।

आईसीए ग्लोबल को ऑपरेटिव्ह कॉन्फरन्स का 25 नवंबर से आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

मुंबई(उत्तरशक्ति)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे, इसकी घोषणा इफको लिमिटेड, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता महासंघ (इफको) द्वारा एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की गई !

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार इफको की पहल पर भारत में आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी आंदोलन के वैश्विक सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने बताया कि माननीय

सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 25 नवंबर, 2024 को दोपहर 3 बजे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह वैश्विक सहकारी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे और मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।प्रबंध निदेशक, इफको लिमिटेड। यू. एस. अवस्थी ने मीडिया को बताया कि भूटान के माननीय प्रधानमंत्री महामहिम दाशो शेरिंग तोब्गे और फिजी के माननीय उप प्रधानमंत्री महामहिम मनोआ कामिकामिका भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 30 नवंबर 2014 तक भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का विषय 'सहकारी समितियाँ सभी के लिए समृद्धि का निर्माण करती हैं' है।

प्रबंध निदेशक, इफको लिमिटेड। यू. एस. अवस्थी ने कहा, ₹इस सम्मेलन का विषय है कि सहकारी समितियां सभी के लिए समृद्धि का निर्माण करती हैं। हमारा दीर्घकालिक लक्ष्य एक समृद्ध और सुरक्षित सहकारी आंदोलन का निर्माण करना है। हम विचारों के आदान-प्रदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों का स्वागत करना अपना सौभाग्य मानते हैं। इफको ने हमेशा भारतीय किसानों के हितों को प्राथमिकता दी है।

अंतर्राष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह 2024 का उत्सव

मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय धोखाधड़ी जागरूकता सप्ताह 2024 शुरू होने ही वाला है, तो इस उपलक्ष में आइए बीमा संबंधी धोखाधड़ियों की गंभीर समस्या को समझने और इससे मिलकर मुकाबला करने के तरीकों को जानने का प्रयास करें. सामान्य बीमा का सेक्टर अधिकांश उद्योगों से गहरी तरह से जुड़ा हुआ है, जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, मोटर वाहन, स्वास्थ्य कल्याण, कृषि, और देखा जाए तो समग्र समाज के साथ भी. यह व्यक्तियों और बिजनेस को आवश्यक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करके अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है. यह समझना बहुत जरूरी है कि इसके कई लाभों के बावजूद, लोग बीमा खरीदने से हिचकिचाते क्यों हैं. देखा जाए तो बीमा के क्षेत्र में संयुक्त रेशियो 100% से अधिक है – यानि हम प्राप्त प्रीमियम से ज्यादा के क्लेम भुगतान करते हैं. लेकिन इसके बावजूद, इस उद्योग से क्लेम भुगतान प्राप्त करने के बारे में आज भी लोगों को शंका क्यों होती है? इस असमंजस का एक प्रमुख कारण है बीमा धोखाधड़ी, जिसकी वजह से भारतीय बीमा उद्योग को सालाना करोड़ों रुपयों का नुक्सान होता है. धोखाधड़ी वाले क्लेम्स के कारण क्लेम रेशियो बढ़ जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रीमियम भी बढ़ जाते हैं और विश्वास घट जाता है. इस तरह की कुप्रथाएं उद्योग के विकास का मार्ग रोकती हैं और समाज पर बुरा प्रभाव भी डालती हैं. श्री. विक्रमजीत सिंह, प्रमुख, एचआर आईएलएम व एडमिनिस्ट्रेशन, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस हर बीमा अनुबंध का मूल सिद्धांत होता है ₹विश्वास₹, जिसके अनुसार सभी पक्षों को ईमानदारी से पेश आना चाहिए और सही जानकारी प्रकट करनी चाहिए. क्लेम्स की तेज प्रोसेसिंग और कुशल भुगतान, दावेदारों को बिना देरी के आर्थिक नुकसान से उभरने में मदद करते हैं, और समाज में बीमा की छवि को सुधारकर, ज्यादा लोगों को बीमा अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं. लेकिन, धोखाधड़ी इस विश्वास को कम करती है और बीमा प्रदाता द्वारा सही व मान्य क्लेम्स को कुशलतापूर्वक प्रोसेस करने की क्षमता को कम करती है. धोखाधड़ी के अनुभवों की वजह से, बीमा कंपनियों ने धोखाधड़ी की गतिविधियों को पहचानने और उनसे बचने के लिए कई सिस्टम तैयार किए हैं.

अजित पवार को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिए बयान के लिए अदालत का समन

पुणे। पुणे जिले के बारामती की एक अदालत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान की गई उनकी कथित टिप्पणी के लिए समन जारी किया है।

पवार ने अपनी उस टिप्पणी में, अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में उनकी सहयोगी रहीं और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले को वोट नहीं देने को लेकर एक गांव में जलापूर्ति बंद करने की धमकी दी थी।

याचिकाकर्ता सुरेश खोपड़े के वकील सुमेश नेगुलपेली ने कहा कि अदालत ने पवार को 16 दिसंबर को उसके समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। भारतीय पुलिस सेवा

(आईपीएस) के पूर्व अधिकारी खोपड़े उस चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर सुले के खिलाफ मैदान में थे।

पवार की टिप्पणी का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। नेगुलपेली ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डी. पी. पुजारी ने आरोपों का संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार होने के बाद पवार को समन जारी किया।

डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 बेहद प्रतिस्पर्धी होगा: डेविड वार्नर

मुंबई। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 का आधिकारिक प्रसारक, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड, 11 जनवरी, 2025 को टूनार्मेंट के तीसरे संस्करण की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट आइकन डेविड वार्नर दुबई कैपिटल्स के साथ अपने दूसरे सीजन के लिए शामिल होंगे। टूनार्मेंट के पिछले संस्करण में टीम ने उपविजेता स्थान हासिल किया था, लेकिन वार्नर 2025-सीजन-3 में उस सफलता को और बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टूनार्मेंट के अनूठे ढांचे पर विचार करते हुए, उन्होंने प्रतिस्पर्धा के स्तर को बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के संबंध में इसके असर के बारे में बात की। नया सीजन करीब है और ऐसे में वार्नर अपने व्यापक अनुभव को साझा करने और यूएई क्रिकेट के विकास में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वार्नर ने विकेट डायनामिक्स और ग्राउंड डायमेंशन की प्रशंसा करते हुए कहा,मुझे यहां सबसे अच्छा विकेट लगता है। यह शुरू में चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन एक बार जब आप शुरूआती चरण से गुजर जाते हैं, तो आप अधिक स्वतंत्र रूप से खेल सकते हैं। सीमा के आयाम कुछ ऐसे हैं जो मुझे पसंद हैं ऑस्ट्रेलिया में हमें वह नहीं मिलता। एमसीजी बहुत बड़ा है, लेकिन यहां के मैदान बल्लेबाजों के लिए एकदम सही हैं। पॉकेट थोड़े बड़े हो सकते हैं, लेकिन मुझे यहां खेलना पसंद है। यह हमेशा अच्छा होता है। अगर आप नई गेंद खेल लेते हैं, तो आप अंत तक खेल सकते हैं। आशीष सहगल, चीफ ग्रोथ ऑफिसर - डिजिटल और ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड ने इस रोमांचक घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा,₹हमें खुशी है कि डेविड वार्नर तीसरे सीजन के लिए दुबई कैपिटल्स की कमान संभालने के लिए वापस आ गए हैं!

पिछले सीजन में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में उनकी एंट्री ने टूनार्मेंट की वैश्विक अपील को बढ़ाया और उनके कप्तान के रूप में बने रहने से यह सुनिश्चित होगा कि तीसरा सीजन पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और बेहतर और प्रतिस्पर्धी होगा। टीम में नौ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल करने से हाई-क्लास क्रिकेट के साथ मनोरंजक खेल कार्निवल का अनुभव मिलता है ।

ब्रॉडबैंड सेक्टर दूरसंचार उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार: टीमलीज सर्विसेज

मुंबई(उत्तरशक्ति)। भारत की प्रमुख पीपल सप्लाई चेन कंपनी, टीमलीज सर्विसेज ने दूरसंचार सेक्टर पर अपना नवीनतम मूल्यांकन जारी किया है, जिसमें ब्रॉडबैंड के उभरते परिदृश्य में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया गया है। दूरसंचार सेक्टर में धीमी वृद्धि के बावजूद, ऐसी उम्मीद है कि हाई-स्पीड इंटरनेट और डेटा से संचालित सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण, ब्रॉडबैंड मार्केट में अगले कुछ सालों में 9-10% चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर देखने को मिल सकती है। भारत में वायर्ड ब्रॉडबैंड की पहुंच वर्तमान में लगभग 13% है, जबकि इस आंकड़े में तेजी आने की उम्मीद है क्योंकि सेवा प्रदाता हायर औसत प्रति उपयोगकर्ता आय के कारण पारंपरिक मोबिलिटी उत्पादों पर ब्रॉडबैंड सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं।

ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ रही है, बल्कि इससे दूरसंचार उद्योग में रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि हो रही है। चूंकि ब्रॉडबैंड सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है, इसलिए विभिन्न भूमिकाओं में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता बढ़ रही है। ब्रॉडबैंड का प्रसार उन इलाकों में भी हो रहा है, जो पहले इस तकनीक से अनछुए थे, इस कारण से ग्राहकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने में सेल्स टीम्स महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, कनेक्शन स्थापित करने और सुचारू रूप से सेवाएं देने के लिए इंस्टॉलेशन और रिपेयर टीम्स आवश्यक हैं। इसके विपरीत, नेटवर्क ऑपरेशन

और मैंटनेंस टीम्स, जिनमें फाइबर तकनीशियन, नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (एनओसी) कर्मचारी, और ग्राहक देखभाल पेशेवर शामिल हैं, नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने और ग्राहक सहायता देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत के बढ़ते ब्रॉडबैंड इकोसिस्टम की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए ये भूमिकाएं आवश्यक हैं।

दूरसंचार सेक्टर के भविष्य पर टिप्पणी करते हुए, टीमलीज सर्विसेज के चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर, श्री सुब्बुराथिनम पी ने इस उद्योग के विकास को आगे बढ़ाने में ब्रॉडबैंड के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार का मतलब केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना बस नहीं है; यह हमारे काम करने, रहने और दुनिया से इंटरैक्ट करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के बारे में है। भारत में होम ब्रॉडबैंड की पहुंच फिलहाल केवल 13% है, लेकिन 5जी को अपनाने की तेज गति और सैटेलाइट आधारित सेवाओं की संभावना से, हम एक बड़े बदलाव के मुहाने पर है। ब्रॉडबैंड की मांग में यह वृद्धि बिक्री और इंस्टॉलेशन से लेकर नेटवर्क ऑपरेशंस और ग्राहक सेवा तक, पूरे सेक्टर में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। हम दूरसंचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहे हैं - जहां डेटा से संचालित सेवाएं विकास की अगली लहर का नेतृत्व करेंगी, जो करियर की नई राहें पैदा करेंगी और कार्यबल को नया आकार देंगी। विभिन्न नौकरियों की बढ़ती मांग के अलावा, यह डेटा कई प्रमुख ट्रेंड्स की भी पहचान करता है जो ब्रॉडबैंड सेक्टर के भविष्य को आकार दे सकती हैं। 5जी-आधारित वायरलेस ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार, जिसे अक्सर एयर फाइबर कहा जाता है, जो लगातार रफ्तार पकड़ रहा है, जहां कुछ सेवा प्रदाताओं ने इन सेवाओं को प्रारंभ किया है। यह विकास ज्यादा तेज इंटरनेट स्पीड और बेहतर कवरेज देगा, जिससे हाई-स्पीड डेटा की बढ़ती मांग पूरी होगी। इसके अलावा, भारतनेट प्रोजेक्ट का निरंतर कार्यान्वयन ग्रामीण कनेक्टिविटी को बढ़ा रहा है और कम सुविधाओं वाले इलाकों तक ब्रॉडबैंड को पहुंचा रहा है। इसके अलावा, भारत में सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवाओं के संभावित लॉन्च से दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

हासिए के समाज के मसीहा थे नेताजी: डॉ.रागिनी

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर मेधावी छात्राओं को दिया गया साइकिल

◆ नदियांव स्थित विधायक निवास पर आयोजित किया गया समारोह

डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नदियांव स्थित निमार्णाधीन विधायक आवास पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री,भारत सरकार के पूर्व रक्षामंत्री और धरतीपुत्र के नाम से प्रसिद्ध श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की 25 मेधावी छात्राओं को विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने साइकिल भेंट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मछली शहर की विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर ने कहा कि नेताजी भारतीय राजनीति में हासिए के समाज के मसीहा थे। वह उनका दुःख दर्द समझते थे। जमीन से राजनीति शुरू करने वाले नेता जी को समाज के हर वर्ग का समर्थन मिला। जनता के इसी प्यार के बल पर प्रधानमंत्री पद की रेस में भी शामिल हो गए थे लेकिन उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका। मगर समाजवादियों को पूरा विश्वास है कि उनका सपना राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूरा करेंगे। मैं नेताजी को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर

चलने का संकल्प लेती हूं। उन्होंने कहा कि इंटर की मेधावी छात्राओं को 25 साइकिल वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। यह सम्मान समाजवादी पार्टी की विचारधारा को प्रोत्साहन देने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दिया गया। ताकि क्षेत्र की गरीब लड़कियां स्कूल और कालेज साइकिल से जा सकें। इस अवसर पर अजगरा के पूर्व विधायक कैलाश सोनकर ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह की कमी हमेशा खेलेगी। उन्होंने गरीबों को और असहाय लोगों को समाज में मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया। उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांत और विकास कार्यों के चलते भाजपा सत्ता से बाहर रहीं। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने उनके सिद्धांतों और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को याद करते हुए समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और न्याय की लड़ाई में उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान नेताजी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अभिमन्यु सिंह, ब्लाक प्रमुख विवेक यादव, नन्हें यादव, भरत यादव, तेज बहादुर यादव, डॉ. हस्सान, सूर्यभान यादव, रोहित दुबे, श्यामजी प्रधान, श्याम नारायण, आरिफ अंसारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

अर्धनग्न अवस्था में मिली महिला की लाश, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

रियाजुल हक ज़िला क्राइम रिपोर्टर

तेजीबजार,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कम्प मच गया जब जंगल में अर्धनग्न अवस्था में एक महिला का शव मिला। यह खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक महिला के सिर पर धारदार हथियार के निशान मिले है इससे हत्या कर सामूहिक रेप की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।परिजनों द्वारा इस वारदात का इल्जाम पर पड़ोसी लगाया जा रहा है। हमारे रिपोर्ट के अनुसार इंद्रसेन निषाद की 40 वर्षीय पत्नी सुभद्रा गुरूवार की शाम करीब पांच बजे घर से दो सौ मीटर दूर जंगल में सूखी लकड़ी तोड़ने गयी थी। जब देर तक घर नही पहुंची तो परिजन जंगल में जाकर खोजने लगे ।यह बात घीरे धीरे पूरे गांव में फैल गयी। रात में ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस भी खोजबीन में जुट गयी। रात में ही सूखी लकड़ी के ढ़ेर के पास जंगल में खून के निशान भी मिले। जिससे हत्या की आशंका और बढ़ गयी थी। जिसके कारण लोग रात भर बेचैनी के साथ उसे खोज रहे थें। सुबह जहा खून का निशान मिला था उससे 50 मीटर दूर सरपत के झुरमुट के पास उजड़ महिला का शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शव अर्धनग्न अवस्था में था और सिर पर धार दार हथियार से वार किया गया था। सुबह देखते ही देखते हजारों की भीड़ लग गयी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष तेजीबजार विक्रम लक्ष्मण सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। गांव की महिलाएं एक जुट होकर शव को ले जाने से मना करने लगी। पुलिस के हाथ पांव फूल गये।

मौके पर पहुंचे सीओ सदर परमानंद कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से लोगों की बात कराया तब जाकर लोग शांत हुए। शव को चार घण्टे बाद पोस्टमार्टम के वास्ते ग्रामीणों ने ले जाने दिया। वही पूछने पर थानाध्यक्ष तेजी बजार विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शव के बारे में जांच के बाद ही कुछ पता चलेगा। ससुर रामजीत निषाद के शक के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों को थाने पर हिरासत में लिया गया है हर बिंदुओं पर जांच होगी।

एक दिन पहले आयी थी माइके से तेजीबजार थाना क्षेत्र के चोरहा गांव में मृत महिला एक दिन पहले ही बुधवार को जलापुर के हरीपुर गांव अपने माइके से आइ थी ।महिला के दो पुत्र 22 वर्षीय विकास निषाद, 18 वर्षीय आकाश है, दो पुत्रियां 20 वर्षीय बंदना, 16 वर्षीय अंजली भी है। 7 जून को बड़े पुत्र विकास की शादी भी पड़ी थी सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

हौसला बुलंद आधा दर्जन चोर घरेलू गैस सिलेंडर लदी दो पिकअप उठा ले गए

मीरगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाने पर दी गई तहरीर के मुताबिक दो गैस सिलेन्डर मालवाहक गाड़ी महिन्द्रा पिकअप व सिलेन्डर चोरी होने के सम्बन्ध में संतोष कुमार सिंह पुत्र स्व. जनार्दन सिंह ग्राम सेमरी पो जंघई बाजार थाना मीरगंज जौनपुर निवासी ने बताया कि उनकी गैस एजेन्सी जनार्दन इण्डेन गैस ग्रामीण सेमरी गांव से दिनांक 20/11/24 को रात करीब दो बजे अज्ञात दस बारह चोर अपनी गाड़ी से आये और उनके चौकीदार को बन्धक बना लिये और उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिये और गोदाम का ताला तोड़कर 141 खाली व भरा गैस सिलेंडर उनकी दो मालवाहक गाडी जिसका रजिस्ट्रेन स० 4पी62बीटी 1588 व 4762सी79342 है। उक्त दोनों गाड़ी पर लादकर उनके एजेंसी में रखे 141 सिलेंडर उठा ले गये। जिसकी सूचना उन्हें सुबह तीन बजे उनके एक ड्राइवर द्वारा मिली जो प्रति दिन की तरह सुबह लोड के लिये झूंसी प्रयागराज से आता है तब उन्होंने अपने मालवाहक गाड़ी में जीपीएस लगा होने के कारण अपनी गाड़ी ट्रेंस किया तो उनकी दोनो गाड़ी वरिख्तरिया धनुपुर थाना हण्डिया प्रयागराज में एक नहर के किनारे खाली गाड़ी खड़ी मिली जिसमे सिलेन्डर नहीं था। तब वह अपनी दोनो गाड़ी थानाध्यक्ष हंडिया की लिखित अनुमति से वापस ले आए। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर पुलिस रात में उक्त क्षेत्र में गश्त क्यों नहीं करती। आखिर हौसला बुलंद चोरों को पुलिस के इकबाल का जरा भी खौफ क्यों नहीं है कि वह खुलेआम पुलिस को चुनौती देते हुए चौकीदार को मारपीट कर गाड़ी सहित सिलेंडर लेकर रफू चक्कर हो गए और किसी को भनक तक नहीं हुई, ऐसे में पुलिस की नाकामी की वजह से क्षेत्र वासियों में चोरों के आतंक की दहशत मची हुई है। थाने पर दी गई तहरीर के मुताबिक दो गैस सिलेन्डर मालवाहक गाड़ी महिन्द्रा पिकअप व सिलेन्डर चोरी होने के सम्बन्ध में, संतोष कुमार सिंह पुत्र. स्व जनार्दन सिंह ग्राम सेमरी पो जंघई बाजार थाना मीरगंज जौनपुर निवासी ने बताया कि उनकी गैस एजेन्सी जनार्दन इण्डेन गैस ग्रामीण सेमरी गांव से दिनांक 20/11/24 को रात करीब दो बजे अज्ञात दस बारह चोर अपनी गाड़ी से आये और उनके चौकीदार को बन्धक बना लिये और उसका मोबाइल छीन कर तोड़ दिये और गोदाम का ताला तोड़कर 141 खाली व भरा गैस सिलेंडर उनकी दो मालवाहक गाडी जिसका रजिस्ट्रेन स० 4पी62बीटी 1588 व 4762सी79342 है उक्त दोनों गाड़ी पर लादकर उनके एजेंसी में रखे 141 सिलेंडर उठा ले गये। जिसकी सूचना उन्हें सुबह तीन बजे उनके एक ड्राइवर द्वारा मिली जो प्रति दिन की तरह सुबह लोड के लिये झूंसी प्रयागराज से आता है तब उन्होंने अपने मालवाहक गाड़ी में जीपीएस लगा होने के कारण अपनी गाड़ी ट्रेंस किया तो उनकी दोनो गाड़ी वरिख्तरिया धनुपुर थाना हण्डिया प्रयागराज में एक नहर के किनारे खाली गाड़ी खड़ी मिली जिसमे सिलेन्डर नहीं था। तब वह अपनी दोनो गाड़ी थानाध्यक्ष हंडिया की लिखित अनुमति से वापस ले आए।

अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर पुलिस रात में उक्त क्षेत्र में गश्त क्यों नहीं करती। आखिर हौसला बुलंद चोरों को पुलिस के इकबाल का जरा भी खौफ क्यों नहीं है कि वह खुलेआम पुलिस को चुनौती देते हुए चौकीदार को मारपीट कर गाड़ी सहित सिलेंडर लेकर रफू चक्कर हो गए और किसी को भनक तक नहीं हुई।ऐसे में पुलिस की नाकामी की वजह से क्षेत्र वासियों में चोरों के आतंक की दहशत मची हुई है।

पीयू क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी कंपटीशन के लिए चयन

खेलकूद परिषद ने कुलपति को भेंट की चार शील्ड विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में रचा इतिहास

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पुरुष क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों अमर चौधरी, त्रिपुरेश सिंह, जमशेद अहमद एवं अभिषेक कौशल का चयन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी कंपटीशन के लिए तथा एक खिलाड़ी त्रिपुरेश सिंह का चयन मध्य प्रदेश की टीम में सैयद मुश्ताक अली ट्राफी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। खेलकूद परिषद के सचिव प्रो ओपी सिंह ने शुक्रवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह को विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में जीतीं गईं ट्राफियों को सौंपते हुए बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने शुक्रवार को राजस्थान जेजेटी विश्वविद्यालय झुंझुनू में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी पुरुष के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने के साथ ही कबड्डी की टीम नें खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम ने संभलपुर विश्वविद्यालय,उड़ीसा में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में आज हेमचंद दुर्ग विश्वविद्यालय को 9-0 से पराजित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय कबड्डी पुरूष प्रतियोगिता जो कि 06 सितम्बर से 09 सितम्बर तक पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित थी उसमें भी वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही है। साथ ही पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय बैडमिन्टन पुरूष प्रतियोगिता जो नेशनल स्पोर्टस विश्वविद्यालय, मणिपुर द्वारा 06 से 10 नवम्बर तक आयोजित थी उसमें भी विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही है। उन्होंने बताया कि सम्बलपुर विश्वविद्यालय, उड़ीसा द्वारा 11 से 16 नवम्बर को आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय हाकी महिला प्रतियोगिता में भी पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। साथ ही सम्बलपुर विश्वविद्यालय, उड़ीसा द्वारा 22 से 25 अक्टूबर को आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय बैडमिन्टन महिला प्रतियोगिता में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह खिलाडियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने विश्वविद्यालय का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। इस अवसर पर खेल कूद परिषद के सचिव प्रो ओपी सिंह, प्रोफेसर मनोज मिश्र, डॉ.सुनील कुमार, रजनीश सिंह, योगाचार्य जय सिंह, डॉ.राजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित लोग उपस्थित रहे।

◆ विश्वविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल, कुलपति ने दी बधाई

मिट्टी निकालते समय दीवार गिरने से श्रमिक की मौत

अनुभव सिंह

महराजगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर प्रयागराज रोड पर दुगौली

गांव में नव निमार्णाधीन पक्के मकान के सामने बन रहा नाला की मिट्टी निकालते समय दीवार गिर जाने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। प्रयागराज मार्ग पर स्थित दुगौली गांव में डॉ.चंद्रशेखर सिंह के नव निमार्णाधीन मकान के सामने जल निकासी हेतु बन रहा नाला की सफाई के समय दिवाल गिर जाने से हरीलाल 55 वर्ष की मौत हो गई। नाला की मिट्टी की सफाई का काम दो मजदूर कर रहे थे। जिसमें दिनेश यादव, हरीलाल बिंद काम कर रहे थे। दिनेश यादव शौचालय के लिए जैसे ही बाहर गए। दीवार गिरने की आवाज सुनाई दी, दिनेश यादव जब तक दौड़ कर आए तो हरीलाल को निकालने का प्रयास किए तब तक हरिलाल के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। हरिलाल मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। परिवार में चार बेटे है वही पत्नी रीता देवी का रोते रोते बुरा हाल हो गया है। पुलिस अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

तिलकधारी को प्राचीन इतिहास में मिली पीएचडी की उपाधि, शुभचिंतकों में हर्ष

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय में परीक्षा के लिए राज्य विश्विद्यालय इलाहाबाद (प्रयागराज) से आए हुए वरिष्ठ प्रोफेसर राज कुमार गुप्ता व शोध निर्देशक डॉ. सुनील सिंह गौतम ने

मौखिक परीक्षा के बाद शीर्षक मगध के संदर्भ में भारतीय शिक्षा पर शोध उपाधि देने की संतुष्टि दी है। इस विशेष मौके पर महंत राजाश्रय दास महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रमेश कुमार, अतुल श्रीवास्तव, सत्य कुमार मौर्य तथा विश्वद्यालय के प्रभारी डॉ. दिलगीर हसन, अंसार खान आदि ने शुभकामनाएं दिया। प्रोफेसर रमेश ने बताया कि गुप्त काल में इस विषय में उत्कृष्ट शोध है।

पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहे बिरसा मुंडा: वीरसेन प्रताप

निशानाथ

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदर और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आदिवासी समुदाय के प्रतीक और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र के बादशाही तालाब मनेछा में इस अवसर पर वनवासी समाज के जिला अध्यक्ष सुखराम के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय समाज आदिवासी मुसहर समाज के अध्यक्ष वीरसेन उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, बिरसा मुंडा न केवल आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा थे, बल्कि उन्होंने पूरे देश को अपनी स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्ष करना सिखाया। हम सभी भील एवं मुसहर समुदाय के व्यक्तियों को अपने हक की लड़ाई के लिए मुसहर संघ को मजबूत बनाना होगा एवं अपने समुदाय में जो लोग अशिक्षित है उन्हें शिक्षित करना होगा, तभी हम लोग समाज की लड़ाई लड़ सकते है। भगवान बिरसा मुंडा ने समाज के लिए बहुत संघर्ष किया था आज हम लोग उतना संघर्ष करेंगे तभी समाज में को कम है उसे दूर किया जा सकता है।और उनके द्वारा बनाये हुए रास्ते पर चले तभी समाज मजबूत होगा। कार्यक्रम को वनवासी समाज के महासचिव अशोक वनवासी ने कहा कि हमारे समाज की स्थिति बहुत दयनीय है, उनका जीवकोपार्जन ईंट, भट्ठों से हो रहा है उनके पास रहने के लिए जमीन नहीं है और न ही घर न ही कोई रोजगार है। हमें अपने समाज को जागरूक करना है।

राष्ट्रीय स्तर पर बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन को आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है। बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए लोगों ने उनकी शिक्षाओं को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। उनकी जयंती न केवल इतिहास को याद करने का दिन है। बल्कि इसे समाज को एकजुट करने का भी प्रतीक माना जाता है। इस समारोह में प्रमुख रूप से मुसहर संघ के जिला सलाहकार फिरतू वनवासी, जिला कोषाध्यक्ष गायली देवी जिला, अध्यक्ष रघुनाथ वनवासी आजमगढ़, सोमाक वनवासी मार्टिनगंज आजमगढ़, रामजीत, सिकन्दर, मन्ता, ऊषा देवी, रेखा देवी, कल्पा देवी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष शाहगंज जितेंद्र ऊर्फ दारा वनवासी ने किया है।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

पुलिस कप्तान के आदेश पर पत्रकार सहित आधा दर्जन परिवारजनों पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।नगर कोतवाली क्षेत्र के उर्दू बाजार मोहल्ला निवासी महबूब आलम ने थाना कोतवाली में लिखित तहरीर दी थी कि उन्होंने बताया कि उस्मान नामक एक व्यक्ति जो खुद को पत्रकार बताता फिरता है के द्वारा उनकी लड़कियों और औरतों को गंदी-गंदी गाली दी गई जिसका विरोध करने पर इन लोगों ने घर में घुसकर औरतो और लड़कियों को बुरी तरह मारा पीटा जिसका मेडिकल हुआ सदर अस्पताल में उन्होंने आरोप लगाया है कि उस्मान अपने आप को पत्रकार बताकर आए दिन धमकाता रहता था। लेकिन आज जब इसका विरोध किया गया तो घर में घुसकर महिलाओं और लड़कियों को बुरी तरीके से मारा पीटा तथा उनके कपड़े बुरे नियत से फाड़े गए। जिसकी भुक्त भोगी ने जिला कप्तान से मिलकर शिकायत कि उसके बाद सूचना मिलते ही तत्काल कोतवाली पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आपको बताते चले कि इसके पहले भी कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकी भंडारी के एक पुलिस के साथ भी उक्त आरोपी ने बदतमीजी की थी उसके बाद पुलिस ने जम कर इसकी दैहिक समीक्षा की थी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आए दिन यह पत्रकारिता के नाम पर क्षेत्र में दहशत मचाये रहता है। बेहर हाल कोतवाली पुलिस ने बी न स के तहत विभिन्न धारा के अंतर्गत 191/2 333, 76, 115/2, 352 351/3 सहित गंभीर धाराओं में उक्त आरोपी सहित उसके परिवार के 6 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Present Address (वर्तमान पता)
1	उस्मान		पिता का नाम : फारूक	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
2	फारूक		पिता का नाम : साटिक	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
3	रेशमा		पत्नी का नाम : फारूक	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
4	सिफा		पिता का नाम : फारूक	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
5	मो0 उमर		पिता का नाम : मो0 अब्दुल गफूर	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
6	मो0 हसन		पिता का नाम : मो0अब्दुल गफूर	1. उर्दू बाजार ,कोतवाली,जौनपुर, उत्तर प्रदेश,भारत
7	अंसार		पिता का नाम : टिलई	1. बल्लीपुर ,नेवढ़ीया,जौनपुर,उत्तर प्रदेश,भारत

8.Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):
9.Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (संपत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति का प्रकार)	Description (विवरण)	Value (In Rs/-) (मूल्य (रु में))

10.Total value of property (In Rs/-)-सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु
11.Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):
S.No. UIDB Number
12.First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):
सेवा में पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय निवेदन है की प्रार्थनी खुशनुमा पत्नी महबूब आलम निवासी उर्दू बाजार थाना कोतवाली जिला जौनपुर का स्थाई निवासी है प्रार्थी का पड़ोसी उस्मान पुत्र फारूक निवासी उर्दू बाजार आए दिन हमारे घर पर आकर मेरे लड़कियों को उल्टा सीधा बोलता है फब्तियां कसता रहता है और अपने आप को बहुत पकड़ वाला बता कर हम लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल में भिजवाने की धमकी देता रहते है दिनांक

समाजसेवी शमीमुद्दीन ने ठंड से कपकपाती बच्ची को दिया जैकेट

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजसेवी समीउद्दीन ने सुबह-सुबह एक बच्ची को देखा जो अपनी मां के साथ मांगने के लिए जा रही थी लेकिन ठंड से बच्ची कपकपा रही थी बच्ची को देखकर उनको तुरंत दया आ गई और तुरंत शॉपिंग माल से जैकेट लेकर आए और बच्ची को अपने हाथों से पहना दिया जैकेट पाकर बच्ची का चेहरा खिल उठा बूढी मां ने भी अपनी दुआएं दी। शमीमुद्दीन ने कहा कि ठंड शुरू हो रही है हम लोग अपने आसपास देखें जो गरीब हैं जिनके पास ठंड के कपड़े कंबल जूते नहीं है उनके लिए थोड़ी-थोड़ी मदद करें ताकि ठंड से उनकी जान बच सके शमीमुद्दीन केस कार्य की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।

मारपीट के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार

धर्मेंद्र कुमार शर्मा, बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के राम जानकी तिराहा के पास से पुलिस में शुक्रवार को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो सगे भाई को गिरफ्तार किया है। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दर्ज मुकदमा में वांछित चल रहे दो अभियुक्त राकेश पुत्र श्याम बहादुर एवं रंजीत पुत्र श्याम बहादुर निवासी ग्राम मिरसादपुर थाना बदलापुर को राम जानकी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एक्ट का वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार

बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के राम जानकी तिराहा के पास से पुलिस ने शुक्रवार को पाक्सो एक्ट के मुकदमा में वाछिंत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बदलापुर विनोद मिश्रा ने बताया कि अपराधियों के गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पाक्सो एक्ट के मुकदमा में वाछिंत अभियुक्त सचिन यादव पुत्र अमरबहादुर यादव निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना बदलापुर को रामजानकी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय जौनपुर के समक्ष प्रेषित किया गया।

सरायख्वाजा पुलिस टीम ने धारा 304, 506 एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम ने धारा 304, 506 भादवि में वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया। डा0 अजय पाल, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 88/24, धारा 304,506 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त हकीकुल्लाह उर्फ अतीकुल्लाह पुत्र नेसार अहमद निवासी नन्दाव थाना सरायमीर जनपद आजमगढ को आज दिनांक 22 नवंबर 2024 को ग्राम भदेठी से अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसको थाने पर लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया। नाम पता अभियुक्त हकीकुल्लाह उर्फ अतीकुल्लाह पुत्र नेसार अहमद निवासी नन्दाव थाना सरायमीर जनपद आजमगढ। आपराधिक इतिहास-1.मु0अ0सं0-88/24 धारा-304, 506 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0स0-389/23 धारा-307, 323, 34, 504, 506 भादवि0 व 4/25 आयुध अधि0 थाना सरायमीर जनपद आजमगढ।

जौनपुर यातायात पुलिस ने माउण्ट लिट्रा स्कूल रामदयालगंज में

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। माउण्ट लिट्रा स्कूल रामदयालगंज, जौनपुर में किया गया जागरुकता कार्यक्रम व शहर के प्रमुख चौराहा/तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही में 1739 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द कुमार वर्मा,आरटीओ प्रवर्तन सतेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला,व निरीक्षक यातायात सैयद हुसैन मुन्तजर, के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान आज माउण्ट लिट्रा जी स्कूल रामदयालगंज,जौनपुर में 300 बच्चों के माध्यम से यातायात जागरूकता से सम्बन्धित क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टरकला एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित किया गया। सभी बच्चों को यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी, साथ ही शहर के प्रमुख चौराहा/तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया ।हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया और साथ ही काली फिल्म लगाये वाहनों से काली फिल्म उतरवाया भी गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 1739 वाहनों का चालान किया गया। यातायात माह में 22 नवंबर 2024 को की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही: कुल चालान संख्या:-1739 बिना हेलमेट वाहन चलाना-1345 बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना-58 तीन सवारी वाहन चालाना:-82 यातायात नियमों का उल्लंघन-22 मोबाइल से बात करते हुये वाहन।



विद्यार्थियों के आदर्श शिक्षक रहे बजरंगबली मिश्र का निधन

जौनपुर। सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के भेला गांव निवासी प्राथमिक विद्यालय भेला में बतौर शिक्षक के रूप में सेवा दे चुके बजरंगबली मिश्र (82) का अचानक तबियत बिगड़ने के चलते शुक्रवार की सुबह 5 बजे निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। बृहस्पतिवार को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी। इलाज के लिए शाहगंज के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह एक योग्य एवं कुशल शिक्षक थे। श्री मिश्र अनुशासन न्यायप्रियता एवं कर्मवाद की प्रतिमूर्ति थे। वह छात्र-छात्राओं के लिए सबसे प्रिय गुरुजी थे।विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र, शाहगंज विधायक रमेश सिंह ब्लॉक प्रमुख उमेश चंद्र तिवारी, मंत्री गिरीश चंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, एडवोकेट उच्च न्यायालय धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह,(रानू) प्रबंधक राजेश मिश्रा , रामनारायण पांडेय, चित्रसेन सिंह, भीम खरवार आदि लोगों ने गहरा दुख जताते हुए शोक संवेदना प्रकट की है।

वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे होने से बचे हुए शेष आठ तहखानों, वजूखाने में प्राप्त शिवलिंग व तीनों कथित गुंबदों के पूरक सर्वेक्षण पर आदेश आ गया। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वजुखाना का एएसआई सर्वेक्षण कराने के लिए हिंदू पक्ष द्वारा दायर याचिका पर मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष का दावा है कि वजुखाना के अंदर एक शिवलिंग है।जबकि मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह एक फव्वारा है। कोर्ट के आदेश पर इस क्षेत्र को पहले सील कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने आज हिंदू पक्ष की याचिका पर जवाब देने के लिए मुस्लिम पक्ष को दो सप्ताह का समय दिया। इसके अलावा हिंदू पक्ष द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित सभी मामलों को वाराणसी के जिला न्यायालय के बजाय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए एक और याचिका दायर की गई है। जहां वर्तमान में इस मामले की सुनवाई हो रही है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि बेहतर होगा कि जिला न्यायालय पहले मामले की सुनवाई करे। हालांकि आज सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को नहीं उठाया और मामले को आगे की सुनवाई के लिए टाल दिया। अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

स्व. मुलायम सिंह यादव की 84 जयन्ती मनाई गयी

मुंबई। भारत के पूर्व रक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के संस्थापक पद्म विभूषण स्व. मुलायम सिंह यादव की 84 जयंती मनाई गई। कुलाबा विधानसभा के बोरा बाजार में आयोजित जयंती सभा में सपा नेता लालू यादव ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि समाजवाद के प्रेरणा श्रोत न्याय और बराबरी के पक्षधर हर मजदूर, दलित, वंचित, शोषित की मुखर आवाज जिनके विचारो का प्रकाशपुंज हमेशा हमे अलौकित करता है। ऐसे महान व्यक्तित्व सरल हृदयँ और जमीन से सदा जुड़े रहे। धरती पुत्र मुलायम सिंह की जयंती पर कोटि कोटि नमन करते है। इस दौरान दया शकर यादव, अशोक पाल, दिनेश कुमार यादव, इंद्रेश कुमार यादव, आशु गुप्ता, शिव शंकर, कमलेश कुमार, अनुपम यादव, दुर्गा प्रसाद यादव आदि लोग ने नेता की जयंती पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

दो दिनों से लापता किशोरी का तालाब में उतराता मिला शव

-प्रियेश गुप्ता रुद्र

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुजानगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में दो दिनों से लापता चल रही एक किशोरी का शव तालाब में उतराता मिला। मृतका की पहचान मुस्तफाबाद निवासी मोनी (15) वर्ष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। ग्रामीणों ने शुकव्रार को मोनी का शव तालाब में देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। मौके पर सुजानगंज थाना प्रभारी राजीव मल्ल और कोतवाल मछलीशहर एसपी सिंह पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच शुरू कराई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर गिरेंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया। परिजनों का कहना है कि मोनी दो दिन पहले दोपहर 2 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। देर शाम तक नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कोई सुराग न मिलने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 3 लड़कों को हिरासत में लिया था, लेकिन सिर्फ पूछताछ कर-के छोड़ दिया। अगले ही दिन उसका शव बरामद हुआ। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया होता तो शायद किशोरी की जान बच गई होती। वही जिले में एक बाद एक घटना से दहशत का माहौल है।

मणिपाल हॉस्पिटल्स ने पूर्वी भारत का पहला एआई-संचालित इंजेक्टेबल वायरलेस पेसमेकर सफलतापूर्वक स्थापित किया

मुंबई। हृदय देखभाल में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भारत के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क में से एक, मणिपाल हॉस्पिटल्स ने अक-संचालित, वायरलेस इंजेक्टेबल पेसमेकर के सफल सम्मिलन की घोषणा की। एबॉट द्वारा विकसित, उनके एवियर लीडलेस पेसमेकर ने कुछ दिन पहले भारतीय बाजार में प्रवेश किया। उल्लेखनीय रूप से, मणिपाल अस्पताल, ढाकुरिया इस प्रक्रिया को करने वाला पूर्वी भारत का पहला केंद्र बन गया है। यह जीवन रक्षक उपकरण हाल ही में 65 वर्षीय रोगी के हृदय में डाला गया, जिससे वे इस क्षेत्र में भविष्य के पेसमेकर प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन गए। पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में उपयोग में लाया जा रहा, यह अभिनव पेसमेकर भारतीय रोगियों को हृदय ताल विकारों के प्रबंधन के लिए पारंपरिक पेसमेकर के लिए एक सुरक्षित और कम आक्रामक विकल्प प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम में मणिपाल अस्पताल के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें मणिपाल अस्पताल, ढाकुरिया के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. पी.के. हाजरा, डॉ. दिलीप कुमार, निदेशक कार्डियक कैथ लैब और वरिष्ठ परामर्शदाता इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट, मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल (मणिपाल अस्पताल की एक इकाई), मणिपाल अस्पताल, ढाकुरिया के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुमंत चटर्जी और मणिपाल अस्पताल, ढाकुरिया के कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सौम्या कांति दत्ता शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने भारत में पेसमेकर लगाने की बढ़ती संख्या और किस तरह से वायरलेस पेसमेकर कई लोगों के लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं, इस पर ध्यान दिलाया। मणिपाल अस्पताल ढाकुरिया के यूनिट हेड राजेश पारीख ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और अत्याधुनिक चिकित्सा समाधान प्रदान करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। जर्नल ऑफ कार्डियोवैस्कुलर डिजीज के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 40,000 लोग पेसमेकर लगाने की सर्जरी करवाते हैं। एवियर लीडलेस पेसमेकर का वजन केवल 2.4 ग्राम है और यह हृदय में सुरक्षित रूप से स्थित रहने के लिए नैनो तकनीक का उपयोग करता है। 20-25 वर्षों के जीवनकाल के साथ, इस उपकरण का जीवनकाल सामान्य पेसमेकर (7-8 वर्ष) की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है, जिससे पेसमेकर को बदलने की आवश्यकता कम हो जाती है। इसके अलावा, इसका गैर-चुंबकीय डिजाइन इसे एयरपोर्ट स्कैनर, एमआरआई मशीनों और उच्च-वोल्टेज विद्युत धाराओं से सुरक्षित रखता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि रोगी की दिन-प्रतिदिन की कार्यक्षमता में कोई समझौता नहीं होता है। मणिपाल अस्पताल, ढाकुरिया के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. पी.के. हाजरा ने नए उपकरण के महत्व को समझाते हुए कहा, हालांकि पेसमेकर रिचार्जेबल नहीं है, लेकिन इसका एक अनूठा लाभ है।

लोकबंधु राजनारायण की जयंती के पूर्व संध्या पर अधिवक्ताओं ने 107 दीप जलाकर किया याद

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब।दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के अधिवक्ताओं ने राजातालाब तहसील पर शुक्रवार को लोक बंधु राज नारायण की 107 वीं जयंती के पूर्व संध्या पर संगोष्ठी कर 107 दीप जलाकर याद किया।संगोष्ठी के दौरान उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष मुखराज ने कहा कि वह एक मानव नहीं महामानव थे उनके जैसा कोई नेता आज नहीं है।सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर में मांग उठाई की लोग बंधु राज नारायण जी के जन्मस्थली पर हो रहे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का नाम लोग बंधु राजनारायण के नाम से हो जिससे समाज में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व व उपलब्धियां को आने वाली युवा पीढ़ियों को बताया जा सके। इस अवसर पर महामंत्री नागेश उपाध्याय ,पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह ,राजनारायण के पौत्र सुशील सिंह तोयज, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुनील कुमार सिंह, सर्वजीत भारद्वाज, रामजी सिंह पटेल, पूर्व महामंत्री नंदकिशोर सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, लक्ष्मीकांत पांडेय, रविंद्र कुमार वर्मा, सुभाष चंद्र मौर्य ,शिवम पांडेय, विश्वजीत श्रीवास्तव, आशिष सिंह इत्यादि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

लालीवाव मठ में विराट धार्मिक महोत्सव में भागवत कथा सुनने उमड़ा श्रद्धालुओं का ज्वार

बाँसवाड़ा। श्रीमद्जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री अग्रमलूकपीठाधीश्वर संत स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्यजी महाराज ने शुचिता और साधना मार्ग के अवलम्बन के माध्यम से निरन्तर भजन में रत रहकर जीवन्मुक्ति पाने के लिए दृढ़ संकल्प से जुटने का आह्वान करते हुए कहा है कि भगवत्प्राप्ति ही मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य है। विश्वविख्यात आध्यात्मिक विभूति संत स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्यजी महाराज ने बांसवाड़ा शहर के ऐतिहासिक धर्म धाम लालीवाव मठ में चल रहे आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव के अन्तर्गत शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा अमृत वृष्टि करते हुए यह सीख दी।

महिला चिकित्सालय के सुलभ शौचालय में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

0-जौनपुर: जिला महिला चिकित्सालय की बड़ी लापरवाही आई सामने 0-वार्ड में भर्ती महिला को डॉक्टर ने कहा आपरेशन को महिला के पति ने किया इंकार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सदर महिला अस्पताल में बिती रात गुड़िया नाम की एक महिला उम्र लगभग 30 वर्ष महिला अस्पताल में प्रसव की पीड़ा के साथ पहुंची। उसके साथ उसका पति सतीश गौतम से डॉक्टर ने कहा बच्चा ऑपरेशन से पैदा होगा। ब्लड की भी व्यवस्था कर लो, कुछ जांच बाहर से करवा लो, रात को लगभग 11:00 बजे सतीश अपनी पत्नी गुड़िया को बाहर बने सुलभ शौचालय में लेकर आया जहां पर उसको बच्चा नॉर्मल पैदा हो गया। रात भर उक्त महिला तड़पती रही लेकिन कोई सुनने वाला नहीं था। अस्पताल के परिसर में बने सुलभ शौचालय में उसको बच्चा पैदा हो गया। कुछ मददगारों ने मीडिया के माध्यम से मीडिया के लोगों को साथ में लेकर उक्त महिला को लेकर महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर अब उसका उपचार हो रहा है। अस्पताल जहां डॉक्टरों को भगवान का रूप दिया जाता है वहीं कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं जो यमराज बने बैठे हैं। एक तरफ तो सुबह में योगी की सरकार और केंद्र में मोदी की सरकार लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार जोर दे रही है। स्वास्थ्य बीमा के नाम पर लोगों को सुविधा उपलब्ध करा रही है।वहीं सरकारी अस्पतालों में भी राज्य और केंद्र सरकार ने बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रखी है। लेकिन कुछ पैसे के लालची व लोभी डॉक्टर आम जनों का इलाज करने से बचते नजर आते हैं । अक्सर जिला अस्पताल में देखा गया है दोनों ही में चाहे वह महिला हो या जनरल अक्सर डॉक्टर अपने चेंबर में नहीं बैठते इमरजेंसी डॉक्टर भी ड्यूटी पर न होकर जहां तहां पर बैठे नजर आते है। गरीब व परेशान लोग जब अस्पताल में आते हैं तो उनको जांच के नाम पर बीमारी की गंभीरता के नाम पर अपने चल रहे निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है। यही नहीं जिला महिला अस्पताल में विभिन्न नर्सिंग व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी वहां के डॉक्टर के निजी अस्पतालों में मरीजों को भेजने का काम बद्दस्तूर जारी रखे हुए हैं। एक तरफ तो डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के लिए रात दिन मेहनत कर रहे हैं। लेकिन वही कुछ डॉक्टर और कर्मचारी उनके मंसूबों पर पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। उक्त घटना के बारे में जब जौनपुर की सीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जल्दी ही मामले की जांच करा कर संबंधित जिम्मेदारों के ऊपर उचित कार्रवाई की जाएगी।

राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के तीन बच्चों ने किया नामरोशन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय (State Lavel) विद्यालयीन कराटे प्रतियोगिता में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, महरछा, जंघई, प्रयागराज के 3 छात्रों का राज्य स्तरीय (State Lavel) कराटे प्रतियोगिता में चयन हुआ। बुलन्द शहर में 19 नवंबर 2024 से 22 नवंबर 2024 तक आयोजित कार्यक्रम में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, महरछा, जंघई बाजार, प्रयागराज के छात्र हिमांशु यादव पुत्र दिनेश यादव कक्षा 8 वीं ने हिस्सा लेकर अपने खेल कौशल का बेजोड़ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ₹कांस्य पदक₹ जीत कर अपने स्कूल की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाया है।ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, महरछा, जंघई, प्रयागराज के अन्य 2 छात्रों का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में कुशल प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है जिनके नाम इ विभूति नारायण पुत्र त्रिभुवन नारायण- कक्षा 7 वीं तथा विजय मौर्य पुत्र रामासरे मौर्या- कक्षा- 8वीं है। उक्त तीनों छात्रों ने अपने अद्वितीय कौशल एवं कुशल प्रतिभा का प्रदर्शन करके राज्य स्तरीय विद्यालयीन कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे संस्थान एवं विद्यालय परिवार अपने आपको गर्वांवित महसूस कर रहा है। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, महरछा, जंघई, प्रयागराज के प्रबंधक सौरभ सिंह के कुशल नेतृत्व एवं प्राचार्या श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और विशिष्ट शिक्षकों के अथक प्रयास तथा कराटे शिक्षक विशेषज्ञ प्रशान्त चौधरी के कुशल प्रशिक्षण के आधार पर इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन उमेश प्रताप सिंह ने विद्यालय के सम्पूर्ण स्टॉफ एवं प्रतिभागी सभी छात्रों को ढेरों बधाईयां एवं ढेरों हार्दिक शुभकामनायें दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। इसके साथ ही साथ विद्यालय प्रबंधन ने कराटे प्रशिक्षक प्रशांत चौधरीऔर सहायक प्रशिक्षक राहुल गुप्ता, अंकित कुमार सिंह तथा प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष सिंह एवं विद्यालय परिवार को भी ढेरों शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं है जिन्होंने छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, और यह उपलब्धि विद्यालय के खेल-खुद के क्षेत्र में निरंतर प्रगति का प्रतीक है। छात्रों की इस सफलता ने विद्यालय एवं संस्थान के प्रतिष्ठा एवं गौरव को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

वाराणसी पुलिस नें भीड़भाड़ वाली जगहों से चेन अन्य जेवरात उड़ाने वालों की उड़ा दी नींद

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)।जनपद में आए दिन भीड़भाड़ वाली जगहों से चेन चुराने वाली महिलाओं के गिरोह को पकड़ा गया। वाराणसी के डोमरी में प्रदीप मिश्रा की ओर से शिव महापुराण का कथावाचन किया जा रहा है। बीते कल कथास्थल के पास बने अस्थाई पुलिस चौकी पर दर्जनों श्रद्धालु महिलाओं ने चेन कटने की बात को शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गैंग के एक सदस्य को पकड़ कर पूछताछ करने के बाद बाकी सदस्यों तक पँहुच गयी। चेन चोरी करने की एक्सपर्ट महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आकर कथास्थल के आस-पास फर्जी पता बताकर भीड़ में शामिल होकर घटनाओं को अंजाम देती थी। एक ही दिन में दर्जनों चेन स्नेचिंग की घटना से पुलिस ने किरकिरी होते देख बीती रात घटना का खुलासा करते हुए एसीपी कोतवाली ने बताया कि चेन स्नेचिंग में शामिल 15 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से 10 लाख मूल्य के 11 चेन बरामद किए गए है।

स्व.दीना बामा पाटिल की जयंती पर पुस्तक प्रदर्शनी एवं विभिन्न कार्यक्रमों का रेला

मुंबई। एक श्रमिक नेता, पूर्व विधायक, जो समाज के गरीबों और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। दीना बामा पाटिल के स्मृति दिवस के अवसर पर 24 नवंबर से 8 दिसंबर तक भांडुप में एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और 6 से 8 दिसंबर को पुस्तकों का दान प्रदान किया जाएगा। अलग अलग स्थान पर दीना बामा फाउंडेशन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मुंबई में मजदूरों की आवाज, मजदूर नेता, पूर्व विधायक दीना बामा पाटिल की जयंती 24 नवंबर को है. इस अवसर पर भांडुप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उनकी जयंती के अवसर पर 24 नवंबर से 8 दिसंबर तक भांडुप में पुस्तकों की एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। किताबें 6 से 8 दिसंबर के बीच किताबोंका अदान प्रदान किया जायेगा बांटी. श्रमिक समाज में सुधार हो, शिक्षा उन तक पहुंचे, इसलिए फाउंडेशन की ओर से भांडुप, मुलुंड और कोंकण समेत मुंबई डिविजन में कई शिक्षण संस्थानों को मदद की गई। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर पल्लवी संजय पाटिल ने सांसद संजय दीना पाटिल के मार्गदर्शन में दीना बामा पाटिल पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र की शुरूआत की है। अब तक हजारों छात्र इस स्थान पर परीक्षा के लिए अभ्यास करके अपना करियर बना चुके हैं। इसमें सी.ए. एमबीबीएस, इंजीनियरिंग के छात्र शामिल है। दीना बामा पाटिल की जयंती के अवसर पर, भांडुप में दीना बामा पाटिल सार्वजनिक पुस्तकालय और कॉलेज द्वारा 'आओ एक अधिकारी बनें' विषय पर एक प्रतियोगी परीक्षा शिविर का आयोजन किया गया है। एमपीएससी, यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें। एमपीएससी परीक्षा के विभिन्न प्रारूप, पाठ्यक्रम की समझ और समाधान, यूपीएससी पाठ्यक्रम और हमारे मन में संदेह आदि के बारे में ठाणे की द यूनिक अकादमी के समन्वयक। मार्गदर्शक माधवी तटकरे होंगी।

बिंद समाज विकास संघ द्वारा रक्तदान शिविर 8 दिसंबर को



मुंबई(उत्तरशक्ति)। आगामी 8 दिसंबर रविवार को बिंद समाज विकास संघ द्वारा, रक्तदान महादान के तर्ज पर रक्तदान का आयोजन, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, लायन बापा ताराचंद हॉस्पिटल, जैन सोसायटी, सायन ईस्ट मुंबई में किया गया है। सभी मुंबई रहिवासीयों के नागरिकों से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान करके दूसरे के जीवन को जीवन दान देकर जीवन दान दाता बने।

रक्तदान के फायदेः

रक्तदान करने से दिल की सेहत बेहतर होती है, हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है, शरीर में मौजूद हानिकारक आयरन बाहर निकल जाता है, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल का स्तर नियंत्रित होता है, नई ब्लड सेल्स बनने में मदद मिलती है। कैंसर का खतरा कम हो जाता है। वजन घटाने में मदद मिलती है, चर्म रोग संबंधित बीमारियों में फायदा होता है, दिल, दिमाग, मानसिक, स्वास्थ्य बेहतर होता है, स्ट्रेस कम होता है, इमोशनल हेल्थ बेहतर होता है, नेगेटिव फीलिंग दूर होती है, अकेलापन कम होता है, लोगों से लगाव होना अच्छा भलाई करने का एहसास होता है, रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी या नुकसान नहीं होता है, रक्तदान करने के बाद कुछ ही घंटे में ही नया खून बना लेता है,। हिंदुस्तान में ब्लड यूनिट की कमी हर वर्ष मरीजों को चाहिए 5 करोड़ यूनिट ब्लड पर मिलता है। सिर्फ ढाई करोड़ यूनिट,वह भी आप सभी जैसे रक्त दान दाताओं से ,इस कमी को पूरा करने के लिए देश हित समाज हित को मजबूत करने के लिए आप आगे आए। रक्तदान ही ऐसा काम है जो धर्म जाति द्वेष, नफरत सभी को तोड़ता है और जीवन जोड़ता है। कोई नहीं पूछता कि किसका खून है। एक सामान्य व्यक्ति एक बार में एक यूनिट रक्तदान कर सकता है, एक यूनिट ब्लड से तीन जिंदगियां आप बचा सकते हैं। एक हेल्थी व्यक्ति 3 महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। 18 वर्ष से 55 वर्ष के कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी या नुकसान नहीं होता है। निःशुल्क जांचः रक्तदान कैंप में, हार्ट चेकअप, ब्लड प्रेशर ,पल्स रेट, शुगर, बॉडी मास इंडेक्स (BMI), बोन मिनिरल डेंसिटी (BMD) परिधि ऑक्सीजन संतृप्ति(SPO2), इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (एउऋ), लीवर इलेक्ट्रोग्राफी (FIBRO SCAN), पलमोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT), यह सभी प्रकार के जांच हॉस्पिटल और संघ के तरफ से रक्तदान करने वाले रक्तदान योद्धाओं को निशुल्क दिया जाएगा, साथ में ब्लड बैंक के तरफ से सर्टिफिकेट और संघ की तरफ से भी सर्टिफिकेट दिया जाएगा।